Jagran

15,907 posts are lying vacant in 89 Government Depts in state will recruit soon

देहरादून, [विकास गुसाईं]: सरकारी रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे बेरोजगारों को कुछ राहत मिल सकती है। प्रदेश के 89 सरकारी महकमों में 15907 पद रिक्त हैं। यह आंकड़ा 16 हजार तक पहुंच सकता है। 27 महकमों से रिक्त पदों की सूचना का इंतजार किया जा रहा है।

हालांकि, बैकलॉग के पदों की संख्या में कमी आई है। बैकलॉग के महज 1113 पद ही रिक्त होने की सूचना अब तक कार्मिक को मिली है। कुल रिक्त पदों में से नौ हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शेष बचे रिक्त पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने पर मंथन चल रहा है।

प्रदेश के सरकारी महकमों में रिक्त पदों की संख्या में कमी आई है। इन महकमों में तकरीबन 80 फीसद पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं। अपडेट जानकारी के मुताबिक अब केवल 20 फीसद पद ही रिक्त चल रहे हैं। इनमें से भी आधे से अधिक में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सभी महकमों में आरक्षित पदों के बैकलॉग के साथ ही शेष रिक्त पदों को भरने के निर्देश जारी किए थे।

मुख्यमंत्री घोषणा की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सभी विभागों से रिक्त पदों की सूचना तलब की। इसके तहत अभी तक तकरीबन 89 विभागों ने शासन को रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध करा दी है। इसके मुताबिक अभी इन विभागों में 15907 पद रिक्त चल रहे हैं। इनमें भी सबसे अधिक पद फिलहाल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में रिक्त हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें बैकलॉग के केवल 1113 पद ही रिक्त चल रहे हैं। फिलहाल, कार्मिक विभाग इस सूची को और अपडेट करने में जुटा हुआ है, ताकि तस्वीर पूरी तरह साफ हो सके। जिन विभागों ने अभी तक शासन को सूचना उपलब्ध नहीं कराई है, उनके विभागीय सचिवों को मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की ओर से एक पत्र जारी कर जल्द सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सचिव कार्मिक आनंद वद्र्धन का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में तकरीबन 80 फीसद पद भरे हुए हैं। विभागों से रिक्त पदों के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

इसके अनुसार 15907 पद रिक्त चल रहे हैं। इनमें से भी तकरीबन नौ हजार पदों में भर्ती के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है। शेष रिक्त पदों पर भी जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

पदों की स्थिति
प्रदेश में कुल पद - 75933

रिक्त पद - 15907 (27 विभागों से अभी सूचना आना बाकि)

रिक्त पदों की स्थिति
सामान्य श्रेणी - 8803
अनुसूचित जाति - 4164
अनुसूचित जनजाति - 812
अन्य पिछड़ी जाति - 2128